पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 फरवरी 2026



ग्रेटर नोएडा में धर्मांतरण के आरोप में सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश

# मकान के बेसमेंट में चल रही थी धर्म परिवर्तन की प्रार्थना सभा

- व्हाट्सएप ग्रुप से होता था प्रचार
- पैसे, इलाज और पढ़ाई का लालच देकर प्रार्थना-सभाओं के जरिये उकसाने का आरोप



**पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा**

बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने आरडब्ल्यूए और स्थानीय लोगों की मदद से रविवार को धर्मांतरण के आरोप में सक्रिय एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सेक्टर-36 स्थित एक मकान के बेसमेंट में चल रही प्रार्थना-सभा पर छापा मारकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से ईसाई धर्म से संबंधित बड़ी मात्रा में पुस्तकें, क्रॉस, मोमबत्तियां और अन्य सामग्री बरामद की गई है। मकान को सील कर दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-36 बी-ब्लॉक के बी-224 नंबर मकान में बीते करीब पांच वर्षों से नियमित रूप से प्रार्थना-सभाएं आयोजित की जा रही थी। इनमें आसपास की सोसाइटियों से लोगों को बुलाया जाता था। रविवार दोपहर सभा के दौरान उस समय हंगामा हो गया, जब स्थानीय निवासी मोहन सिंह को इसकी जानकारी मिली।

मोहन सिंह ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 12 बजे वह मकान के बेसमेंट में पहुंचे, जहां 60 से 70 महिला-पुरुष मौजूद थे। आरोप है कि सभा में शामिल लोगों को रुपये, मुफ्त इलाज, बच्चों की पढ़ाई और अन्य सुविधाओं का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। विरोध करने पर विवाद शुरू हो गया। इसके बाद मोहन सिंह ने बेसमेंट का गेट बंद कर आरडब्ल्यूए और पुलिस को सूचना दी।

**व्हाट्सएप ग्रुप से होता था प्रचार:** जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी सुरेश कुमार का मोबाइल फोन कब्जे में लिया है। मोबाइल में 'पास्टर' नाम का एक व्हाट्सएप ग्रुप मिला है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुड़े हैं। इस ग्रुप पर ईसाई धर्म के प्रचार से संबंधित सामग्री नियमित रूप से साझा की जा रही थी। पुलिस को आशंका है कि अन्य आरोपियों ने भी अलग-अलग ग्रुप बनाकर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने वाली सामग्री भेजी। सभी आरोपियों के बैंक खातों की भी जांच की जा रही है।

**पिता की बीमारी के बाद बदला रुझान:** पुलिस जांच में सामने आया है कि करीब नौ वर्ष पहले सुरेश कुमार के पिता शंकर गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। इलाज के दौरान ईसाई धर्म से जुड़े लोगों के संपर्क में आने के बाद प्रार्थना से पिता के स्वस्थ होने का दावा किया गया। इसके बाद से सुरेश इस धर्म से प्रभावित हो गया और लोगों को प्रार्थना-सभाओं से जोड़ने लगा। बीते पांच वर्षों से वह ग्रेटर नोएडा में रहकर टैक्सी चलाने के साथ-साथ सभाओं का आयोजन कर रहा था।

**महिलाओं और बच्चों को बनाया जा रहा था लक्ष्य:** प्रार्थना-सभा में शामिल एक महिला ने पुलिस को बताया कि बीमार परिजन के ठीक होने के बाद वह इन सभाओं में जाने लगी थी। आरोप है कि बच्चों को निशुल्क पढ़ाई, शादी में मदद और आर्थिक सहायता का झांसा देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया जाता था। बच्चों को किताबें, टॉफी, कपड़े और अन्य उपहार भी दिए जाते थे। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बरामद सामग्री, मोबाइल डेटा और बैंक खातों से मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपियों ने धर्मांतरण से किया इनकार

पुलिस ने बेसमेंट में बने प्रार्थना-सभा स्थल को सील कर बरामद सामग्री को कब्जे में ले लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने जबरन धर्मांतरण कराने से इनकार किया है। उनका कहना है कि वे गरीब बच्चों को निशुल्क पढ़ाते थे और जरूरतमंदों को उपहार देते थे। हालांकि पुलिस ने प्रार्थना-सभाओं के माध्यम से धर्मांतरण के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस से भी हुई नोकझोंक

सूचना मिलते ही आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अजय भाटी, डायल-112 टीम और बीटा-2 कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिना अनुमति भारी संख्या में लोगों को एकत्र कर प्रार्थना-सभा आयोजित करने पर आपत्ति जताई। आरोप है कि इस दौरान आयोजकों ने पुलिस से नोकझोंक करने का प्रयास भी किया। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने टैक्सी चालक सुरेश कुमार, उसकी पत्नी आशा, साली गीता और ऐच्छर निवासी चंद्र किरण को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद बांसवाड़ा (राजस्थान) निवासी सुरेश कुमार और चंद्र किरण को गिरफ्तार कर लिया गया। सुरेश वर्तमान में सिग्मा-2 क्षेत्र में रह रहा था।

## फौजी के खाते से 3 लाख की संदिग्ध निकासी, एफआईआर दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के वेव सिटी थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बैंक खाते से बिना जानकारी के करीब तीन लाख रुपये निकलने पर रिटायर्ड फौजी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच षुरू कर दी है। पुलिस का दावा है जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

मानसरोवर पार्क कॉलोनी निवासी अतुल कुमार राघव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और उनका इंडसइंड बैंक की छपरौला शाखा में करीब 15 वर्ष पुराना खाता है। 5 फरवरी की सुबह लगभग 10:15 बजे बैंक मैनेजर का फोन आया, जिसमें उन्हें खाते से हुए संदिग्ध लेनदेन की जानकारी दी गई। मैनेजर ने बताया कि एक ही दिन तीन बार खाते से रकम निकाली गई है। पहले ट्रांजैक्शन में 90 हजार रुपये, दूसरे में 67,172 रुपये और तीसरे में 1,41,728 रुपये खाते से डेबिट किए गए।

### कुत्ते को लात मारने से रोका तो युवक ने कंपनीकर्मी को पीटा



**नोएडा।** सेक्टर-63 में युवक को कुत्ते को लात मारने से रोकना कंपनीकर्मी को भारी पड़ गया। आरोपी युवक ने अपने दोस्तों को बूलाकर कंपनीकर्मी के साथ मारपीट की। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित योगेश कूमार ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। वह रविवार को कंपनी जा रहे थे। वह ए ब्लॉक में पहुंचे तो रितेश नामक युवक एक कुत्ते को लात मारकर परेशान कर रहा था। उन्होंने यह देखकर उस युवक को लात मारने से रोक तो वह भडक गया। उसने गाली-गलौज शूरू कर दी। यही नहीं उसने अपने दोस्तों को कॉल करके बूला लिया आरोपियों ने गाली-गलौज कर योगेश से मारपीट शरू कर दी इसके चलते योगेश को चोटें आई। मारपीट होती देखकर स्थानीय लोग एकत्र हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल यवक उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि पीडित की शिकायत के आधार पर एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**The Pioneer Classified**

**CHANGE OF NAME**

I, Keshav S/o Dinesh R/o H.No. 363, Near Shaid Bhagat Singh Park, Vill. Mundka, VTC: Mundka, PO Nangloi, West Delhi, Delhi-110041 declare that name of my father has been wrongly with as Dinesh Sharma in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of my father is Dinesh, which may be amended accordingly.
PD(388)C

I, hitherto known as Km Balvinder Kaur Alias Harvinder Kaur D/o Daljeet Singh W/o Jasbir Singh R/o 37/10, First Floor, West Patel Nagar, Patel Nagar S.O., Central Delhi, Delhi-110008 have changed my name and shall hereafter be known Harvinder Kaur.
PD(389)C

I, hitherto known as Beenu Rani Alias Beenu Dua D/o Harbans Lal W/o Late Parmod Dua R/O A-114, Sudershan Park, West Delhi, Delhi-110015 have changed my name and shall hereafter be known as Beenu Dua.
PD(390)C

I, Mohinder Kumar S/o Devi Dayal, R/o T - 152 Venus Apartments, Plot No. - 43, Sector-9, Rohini, Raja Pur Kalan, North West Delhi - 110085 have changed my name to Mohinder Kumar Pahuja for all purposes.
PD(391)C

**PUBLIC NOTICE**
**CHANGE OF REGISTERED OFFICE ADDRESS**
**In the matter of sub-section (3) of Section 13 of LLP Act, 2008 and sub-rule (4) of Rule 17 of the LLP Rules, 2009**

Notice is hereby given that **DIFC Developers India LLP**, a Limited Liability Partnership registered under the Limited Liability Partnership Act, 2008, bearing **LLPIN: ABA-9785**, has passed the necessary resolution to shift its registered office from the **National Capital Territory of Delhi** to the **State of Haryana.**

**Existing Registered Office Address :** 8-B Rajendra Park, Old Rajendra Nagar, Rajender Nagar, New Delhi, India-110060

**Proposed New Registered Office Address :** Plot No. Commercial-2, Nangli Umarpur, Maidawas & Ghata, Sector 62 & 65, Tehsil Badshahpur, Gurugram Manesar Urban Complex, Gurugram, Haryana-122001.

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the LLP may deliver **either on the MCA-21 portal (www.mca.gov.in) by filing creditor complaint form** or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to The Registrar of Companies, NCT of Delhi & Haryana, 4th Floor, IFCI Tower, 61, Nehru Place, New Delhi - 110019, within twenty one days of the date of publication of this notice with a copy to the applicant LLP at its registered office at the address mentioned below:

**DIFC DEVELOPERS INDIA LLP**
8-B Rajendra Park, Old Rajendra Nagar, Rajender Nagar, New Delhi, India-110060

If no objection is received within the stipulated period, the LLP shall proceed with the change of registered office as proposed.
**For DIFC DEVELOPERS INDIA LLP**

साहिबाबाद से पहले मालगाड़ी बेपटरी

# कपलिंग टूटने से दो पहिए उतरे, जांच के आदेश

- हादसे के कारण किसी यात्री ट्रेन का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ, जांच में जुटी जीआरपी
- जांच टीम ने लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए



**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

नई दिल्ली से गाजियाबाद की ओर लोहा लेकर जा रही मालगाड़ी सोमवार को साहिबाबाद रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पहले बेपटरी हो गई। हादसा सुबह करीब नौ बजे हुआ, जब कपलिंग टूटने के कारण ट्रेन के दो पहिए पटरी से उतर गए। दुर्घटना के चलते मालगाड़ी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मेन लाइन पर खड़ी रही। इस दौरान पीछे से आने वाली ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार विशाखापत्तनम से लोहा लेकर आई यह मालगाड़ी नई दिल्ली पहुंचने के बाद गाजियाबाद के लिए रवाना हुई थी। साहिबाबाद स्टेशन से पहले अचानक तेज आवाज के साथ मालगाड़ी रुक गई। सूचना पर पहुंची तकनीकी टीम ने जांच में पाया कि कपलिंग टूट चुकी थी और दो पहिए पटरी से उतर गए थे। हादसे में रेलवे ट्रैक को भी नुकसान पहुंचा।

घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे का स्थानीय अमला मौके पर पहुंच गया। मालगाड़ी में भारी मात्रा में माल लदा होने के कारण उसे दोबारा पटरी पर लाने और ट्रैक दुरुस्त करने में सात घंटे से अधिक का समय लगा। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद शाम पांच बजे मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया।

इधर, रेलवे मुख्यालय ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच टीम ने लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता ने बताया कि हादसे के कारण किसी यात्री ट्रेन का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ।

### आधार केंद्र पर दो दिन कार्य नहीं होगा

**गाजियाबाद।** नवयुग मार्केट स्थित मुख्य प्रधान डाकघर में बने आधार केंद्र पर दो दिन तक आधार संबंधित कोई काम नहीं होगा। केंद्र तकनीकी दिक्कतों की वजह से मंगलवार तक बंद रहेगा। इस आधार केंद्र पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग दूर-दूर से आते हैं। आधार केंद्र पर छोटे बच्चों से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों के नए आधार बनते हैं।

बिना हेलमेट स्कूटी चला रहे नाबालिग

## बहस करते हुए बोला ऐसे ही चलेंगे, वीडियो वायरल

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

सेक्टर-57 क्षेत्र में यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्कूटी सवार दो नाबालिग बिना हेलमेट और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए स्कूटी पर मांस (मीट) ढोते नजर आ रहे हैं।

वीडियो में दिखाई देता है कि जब एक व्यक्ति ने नाबालिगों को बिना हेलमेट वाहन चलाने पर टोका, तो उन्होंने गलती स्वीकार करने के बजाय बहस शुरू कर दी। इतना ही नहीं, जाते समय नाबालिग 'ऐसे ही चलेंगे' कहते हुए चेतावनी देते और मीट ढोते हुए मौके से फरार हो गए। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों ने मामले की शिकायत यातायात पुलिस से की। शिकायत का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने स्कूटी का चालान करते हुए कुल 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना, बिना हेलमेट ड्राइविंग और असुरक्षित तरीके से सामान ढोना गंभीर नियम उल्लंघन है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस वायरल वीडियो की बारीकी से जांच कर रही है।

## लोगों का फूटा गुस्सा, बिजली के लिए किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

डूब क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों परिवारों का सब्र एक बार फिर जवाब दे गया। वर्षों से बिजली कनेक्शन की मांग कर रहे लोगों ने बुनियादी सुविधा न मिलने से नाराज होकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में किसानों और स्थानीय निवासियों ने सेक्टर-16 स्थित बिजली विभाग के मुख्य अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया।

प्रदर्शन में भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर पहलवान भी मौजूद रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि डूब क्षेत्र के लोगों को वर्षों से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन बिजली कनेक्शन को लेकर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शन के दौरान किसानों और स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। लोगों का कहना है कि डूब क्षेत्र में रहने के बावजूद वे वर्षों से सभी नियमों का पालन कर रहे हैं, फिर भी उन्हें बिजली जैसी आवश्यक सुविधा से वंचित रखा जा रहा है।

एयरोड्रम लाइसेंस की औपचारिकता अंतिम चरण में

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन के लिए तैयार

- एयरपोर्ट का प्रथम चरण 1334 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित किया गया है




**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। टर्मिनल बिल्डिंग से लेकर एयरपोर्ट सर्विलांस रडार, नेविगेशन सिस्टम और अन्य आवश्यक उपकरणों की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एयरपोर्ट की कार्य प्रगति से जुड़ा वीडियो साझा किया, जिसके बाद एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियां तेज हो गई हैं।

मुख्य सचिव द्वारा साझा किए गए वीडियो में एयरपोर्ट संचालन से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण सुविधाओं और ढांचागत विकास की जानकारी दी गई है। इसमें एयरपोर्ट एक्सेस रोड, ईंधन टैंक, ऑपरेशन सेंटर, जल एवं सीवेज व्यवस्था, चेक पोस्ट, टर्मिनल बिल्डिंग, घरेलू टर्मिनल काउंटर, ई-गेट्स, बैगेज हैंडलिंग सिस्टम, लाउंज, विमानों की पार्किंग के लिए एप्रन, कार्गो टर्मिनल, सोलर फार्म, एटीसी, ग्राउंड हैंडलिंग वाहनों के लिए सीएनजी पंप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, रनवे, नेविगेशन सिस्टम और टैक्सी-वे सहित अन्य कार्यों को दशार्या गया है। एयरपोर्ट से संबंधित निर्माण कार्य पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। अब केवल एयरोड्रम लाइसेंस से जुड़ी औपचारिकताएं शेष हैं, जो अंतिम चरण में हैं। एयरपोर्ट का प्रथम चरण 1334 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित किया गया है। एयरपोर्ट के रनवे पर इंडिगो एयरलाइंस के यात्री विमान की सफल ट्रायल लैंडिंग की गई थी। इसके बाद वर्ष 2025 में अक्तूबर के अंत और नवंबर के पहले सप्ताह में भी छोटे विमानों के माध्यम से उपकरणों की दोबारा जांच की गई। एयरपोर्ट का निर्माण कर रही कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने दो बार स्थानीय लोगों और कर्मचारियों को यात्री बनाकर चेक-इन, बोर्डिंग, बैगेज हैंडलिंग और सुरक्षा व्यवस्थाओं का सफल परीक्षण किया है।

### एयरपोर्ट के आसपास विकास कार्य तेज

एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों के विकास की तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) सेक्टर-8, 8डी, 11, 4ए, 5ए और 5 को विकसित करने के लिए भूमि अधिग्रहण कर रहा है। सेक्टर-8डी को लॉजिस्टिक और वेयरहाउस हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए थोरा और दयौरारा गांव की भूमि खरीदी जा रही है। हाल ही में करीब 30 किसानों की सूची जारी कर उन्हें 15 दिन के भीतर आपत्ति दर्ज कराने का समय दिया गया है।

**EMBASSY**

**Embassy Developments Limited**
**(Formerly Equinox India Developments Limited and earlier Indiabulls Real Estate Limited)**

**Statement of Unaudited Consolidated Financial Results for the quarter ended 31 December 2025**

(₹ in millions)

| Sl. No. | Particulars | 3 months ended 31 December 2025 (Unaudited) | 9 months ended 31 December 2025 (Unaudited) | 3 months ended 31 December 2024 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 2,124.04 | 13,864.32 | 3,252.86 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the year/period (before Tax, Minority Interest and Exceptional and/or Extraordinary items) | (2,342.64) | (5,515.08) | (112.34) |
| 3 | Net (Loss) / Profit for the year/period before Tax and Minority Interest (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (2,386.41) | (5,553.85) | 112.34 |
| 4 | Net (Loss) / Profit for the year/period after Tax and Minority Interest (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (2,337.17) | (5,519.80) | (265.47) |
| 5<br>6 | Total Comprehensive Income for the year/period [Comprising Profit / (Loss) for the year/period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (2,406.04) | (5,571.33) | (983.49) |
| 7 | Earnings per Share (of ₹ 2/- each)<br>- Basic (Amount in ₹ )<br>- Diluted (Amount in ₹ ) | <br>(1.68)<br>(1.68) | <br>(4.09)<br>(4.09) | <br>(0.33)<br>(0.33) |
| 8 | Paid up Equity Share Capital | 2780.07 | 2780.07 | 1,271.74 |

**Notes to the unaudited consolidated financial results:**

1. The above unaudited standalone results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 09th February 2026. The quarter and nine months results have been reviewed by the statutory auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual unaudited financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

**Embassy Developments Limited**
**(Formerly Equinox India Developments Limited and earlier Indiabulls Real Estate Limited)**

**Statement of Unaudited Standalone Financial Results for the quarter ended 31 December 2025**

(₹ in millions)

| Sl. No. | Particulars | 3 months ended 31 December 2025 (Unaudited) | 9 months ended 31 December 2025 (Unaudited) | 3 months ended 31 December 2024 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 405.22 | 3,256.12 | 2,948.33 |
| 2 | Net (Loss) / Profit for the year/period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (783.39) | (2,107.64) | 43.75 |
| 3 | Net (Loss) /Profit for the year/period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (810.26) | (2,129.51) | 43.75 |
| 4 | Net (Loss) / Profit for the year/period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (739.63) | (2,032.46) | 28.97 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the year/period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and | (745.54) | (2,020.35) | 28.97 |
| 6 | Other Comprehensive Income (after tax)] | | | |
| 7 | Earnings per Share ( face value of ₹ 2/- each)<br>- Basic (Amount in ₹)<br>- Diluted (Amount in ₹) | <br>(0.53)<br>(0.53) | <br>(1.51)<br>(1.51) | <br>0.05<br>0.04 |
| 8 | Paid-up equity share capital (face value of ₹ 2 per equity share) | 2,780.07 | 2,780.07 | 1,271.74 |

**Notes to the unaudited standalone financial results:**

1. The above unaudited consolidated results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 09th February 2026. The quarter and nine months results have been reviewed by the statutory auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual unaudited financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

**Registered Office:** Office No. 01-1001, WeWork, Blue One Square, Udyog Vihar Phase 4 Rd, Gurugram, Haryana 122016
Corporate Identity Number (CIN) : L45101HR2006PLC095409

**For and on behalf of the Board of Directors**

Place : Bengaluru
Date : February 09, 2026

**Aditya Virwani**
**Managing Director**